प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया–विधेयक के पक्ष में 288 सदस्यों ने मतदान किया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए डिस्कॉम्स को प्रभावी कदम उठाने को कहा।
- पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा–राजस्थान को देश का सबसे स्वच्छ ग्रामीण प्रदेश बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जायेगा।
- राज्य में आज एक पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना।

लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए लोकसभा मे 288 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 232 सदस्यों ने विरोध में मतदान किया।

.....

इससे पहले लोकसभा में कल 12 घंटे से अधिक समय तक विधेयक पर चर्चा हुई। इस बिल का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार का भी प्रयोजन है। विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को अधिक समावेशी बनाना है, जिससे बेहतर वक्फ शासन और निर्णय लेने में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों का प्रतिनिधित्व हो। विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि यह धारणा गलत है कि गैर–मुस्लिम, वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। श्री रिजिजू ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य किसी की सम्पत्ति को जब्त करना नहीं है।

......

इसके साथ ही सदन ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 को भी मंजूरी दे दी, जो मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को निरस्त करता है।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कल जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स के अधिकारी बिजली आपूर्ति की लगातार मॉनिटरिंग करें और लाइनों में सुधार, ट्रांसफार्मर और जीएसएस स्थापित करने से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करें। श्री शर्मा ने बिजली छीजत घटाने को प्राथमिकता देने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिस्कॉम्स उन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तंत्र को मजबूत करें, जहां पिछले साल बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं थी। मुख्यमंत्री ने पीएम कुसुम योजना में तेजी लाने और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने वाले लाभान्वित परिवारों को निःशुल्क 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने लंबित कृषि कनेक्शन्स को प्राथमिकता से जारी करने को भी कहा है।

0000

प्रदेश में आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन पर रोकथाम लगाई जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री निवास पर अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी के सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग और खनन विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम कर अवैध खनन पर रोकथाम लगाने को कहा।

उन्होंने खनन विभाग को निर्देश दिए कि जिलास्तरीय एसआईटी की बैठक की रोजाना मॉनिटरिंग कर बैठक की रिपोर्ट लें। मुख्यमंत्री ने अवैध खनन के औचक निरीक्षण के लिए मुख्यालय स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी के लिए ड्रोन और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधंश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू और संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। सभी जिला कलेक्टर और जिलास्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से बैठक से जुडे।

000

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि इस साल राजस्थान को देश का सबसे स्वच्छ ग्रामीण प्रदेश बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा। श्री दिलावर ने कल कोटा में स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के तहत कोटा और बारां जिले की प्रगति की समीक्षा के दौरान ये बात कही। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हर गांव रोजाना साफ हो, यह हर व्यक्ति का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिदिन झाडू लगे, नालियों की सफाई हो और घर–घर से कचरा संग्रहण किया जाए, इसके लिए ग्राम पंचायतों को प्रति माह राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

.....

0000

प्रदेश में 21 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने लगभग पांच हजार करोड़ रूपये के कार्यो की स्वीकृति दे दी है। इनमें नागौर–नेत्रा सड़क के फोरलेन का कार्य, रायपुर जस्साखेड़ा, गंगापुर सिटी बाईपास, करौली बाईपास सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण करवाया जायेगा। कल गंगापुरसिटी के दौरे पर रही उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि दुर्घटना सम्भावित 13 ब्लैक स्पाट्स के सुधार के कार्य भी करवाये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने गंगापुरसिटी में एनएच–23 का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसकी गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड की दो दिन की यात्रा पर आज रवाना हो रहे है। साल 2016 और 2019 के बाद यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। प्रधानमंत्री आज शाम बैंकॉक में थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। कल से शुरू होने वाले छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का विषय है– "बिम्सटेक – समृद्ध, लचीला और मुक्त"।

0000

दूरसंचार विभाग ने अनाधिकृत प्रचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए करीब 1 लाख 75 हज़ार लैंडलाइन फोन नंबर काट दिए हैं। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 0731, 079, 080 और अन्य नंबरों से कई स्पैम कॉल किए जा रहे थे। मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने इन नंबरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्राउड–सोर्स्ड डेटा का इस्तेमाल किया। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से इस तरह की गतिविधियां रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा है।

0000

प्रदेश में आज एक पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है। इस बीच कल झालावाड जिले में विभिन्न स्थानों पर हल्की बरसात हुई। कहीं–कहीं ओलावृष्टि भी हुई। बारां में बूंदाबांदी हुई। वहीं कई अन्य जिलों में मौसम साफ रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अलवर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी, बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, धौलपुर, डूंगरपुर, जालौर और लूणकरणसर का दिन का पारा 38 डिग्री के पार पंहुच गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दो–तीन दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

0000